संख्या-79/25/ 8433/41-1-2025-सी०एन०-1893474/2024

प्रेषक

संजीव कुमार श्रीवास्तव,
उप सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में

महानिदेशक,
पर्यटन, उ०प्र०
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 31 जनवरी, 2025

विषयः जनपद हाथरस में स्थित कैलोरा चौराहे (कैलाश चौराहा) का सौन्दर्थीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य की परियोजना को निरस्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-8433/6-1-1(1518)/2022-23, दिनांक 07 जनवरी, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से जनपद हाथरस में स्थित कैलोरा चौराहे (कैलाश चौराहा) का सौन्दर्यकरण एवं पर्यटन विकास कार्य की परियोजना को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-933/2023/5483/001-41-2023-158-बजट-2023, दिनांक 07.12.2023 द्वारा जनपद हाथरस में स्थित कैलोरा चौराहे (कैलाश चौराहे) का सौन्दर्यकरण एवं पर्यटन विकास कार्य हेतु उ०प्र० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि० (यू०पी०पी०सी०एल०) को कार्यदायी संस्था चयनित करते हुए धनराशि रू0 16.13 लाख जीएसटी (वास्तविक भुगतान के आधार पर) की प्रशासकीय एवं स्वीकृति तथा प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू0 14.00 लाख कतिपय शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त की गयी है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रश्नगत प्रायोजना सम्बन्धी निर्गत शासनादेश संख्या-933/2023/5483/001-41-2023-158-बजट-2023, दिनांक 07.12.2023 को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया है।

4-अतः प्रश्नगत प्रायोजना हेतु शासनादेश संख्या-933/2023/5483/ 001-41-2023-158-बजट-2023, दिनांक 07.12.2023 द्वारा अवमुक्त की गयी धनराशि रू0 14.00 लाख (रूपये चौदह लाख मात्र) को मयब्याज सहित 03 दिन के अन्दर राजकोष में जमा कराकर उसकी सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
उप सचिव

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ०प्र० प्रयागराज।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ०प्र० प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी, हाथरस।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि०, लखनऊ।
6- निदेशक, उ0प्र0 नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (UPNEDA), लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
8. क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, (राज्य योजना) मुख्यालय, पर्यटन निदेशालयय लखनऊ को इस आशय से प्रेषि कि कृपया क्रमांक-3,5,6 एवं 7 को अपने स्तर से आदें आदेश की प्रति प्रेषित करने का कष्ट करें।
9. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
10-गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

संजीव कुमार श्रीवास्तव
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।